फर्द अहकाम

नन्दा देवी **बनाम** हनुमान आदि

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़, जयपुर

संख्या 23/2018

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	29/01/24	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी वकील उपस्थित। पत्रावली आदेश से विचाराधीन है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में वकील प्रार्थी की बहस सुने अधिक समय हो गया। वकील प्रार्थी की अजीड बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में निवेदन किया कि प्रार्थी द्वारा अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 एल.आर. एक्ट के तहत बाबत नक्शा तरमीम दुरुस्तीकरण हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया है। उक्त प्रार्थना पत्र के संबंध में अप्रार्थीगणों द्वारा भी अपनी सहमती दी है। तथा वकील प्रार्थी ने प्रा.पत्र में अंकित बिन्दुओं को दोहराते हुए प्रार्थी के प्रार्थना पत्र स्वीकार कर दुरुस्ती के आदेश प्रदान करने का निवेदन किया। पत्रावली का अवलोकन किया तथा वकील प्रार्थी की अजीड बहस को मनन किया गया। अतः पत्रावली का अवलोकन करने व बहस का मनन करने पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 एल.आर. एक्ट को अस्वीकार करना उचित समझते है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 एल.आर. एक्ट के पोषणीय नहीं होने के कारण इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। विविध मामला दर्ज इन्द्राज खारिज हो। पत्रावली फैसलशुदा शामिल रिकार्ड हो तथा बाद प्रति दाखिल दफ्तर हो।	

उप खण्ड अधिकारी